तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 15 नवंबर 2024



08 उपार्जन केंद्रों में सुबह से किसानों का तांता, ...



10 5 सूत्रीय मांग पर आधार आपरेटरों का 18 से ...











## खबर संक्षेप



### कालेज में रक्तदान शिविर का आयोजन

कांकेर। भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के संयोजन में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम द्वारा द्वीप प्रज्जवलन कर किया गया। हुतात्मा दिवस के अवसर पर पीजी कॉलेज में रक्त दान शिविर कैंप का आयोजन कर छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के साथ बजरंग दल के साथियों ने उत्साह के साथ रक्त दान किया। इस अवसर पर 14 लोगों ने रक्तदान किया।

### कम्प्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति में गड़बड़ी



दुर्गुकोंदल। विकासखंड दुर्गुकोंदल के कोड़ेकुर्से लैंपस अंतर्गत धान खरीदी केंद्र कोड़ेकुर्से में कम्प्यूटर आपरेटर नियुक्ति में गड़बड़ी का आरोप किसानों ने लगाया है। किसानों का कहना है कि लैंपस कोड़ेकुर्से के द्वारा क्षेत्र के किसान, समिति सदस्य और बेरोजगारों के बीच बिना प्रचार प्रसार किए गुपचुप तरीके से नियमों को ताक में रखते हुए भाजपा मंडल दुर्गुकोंदल के महामंत्री जनक आरदे की धान खरीदी केंद्र कोड़ेकुर्से में आपरेटर बना दिया गया है, यह नियुक्ति कैसे और किस नियम से किया गया है, इसकी जानकारी लैंपस प्रबंधक के द्वारा नहीं दिया जा रहा है। भाजपा नेताओं के दबाव में इस तरह का खेल खेला जा रहा है, जिससे किसानो में नारजगी देखने को मिल रही है।

### साल्हेभाट में 5 जुआरियों को पुलिस ने धर दबोचा



कांकेर। कांकेर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला कि कुछ व्यक्ति ग्राम साल्हेभाट सरोना में किराना दुकान चौक के पास लाईट के नीचे जुआ खेल रहे है। जानकारी की तस्दीक कर पुलिस ने ईलाके की घेराबंदी कर 13 नवंबर को दोपहर 1 बजें जुआं खेल रहे जुआरी सरोना निवासी 29 वर्षीय सुरेन्द्र साहू पिता लालचंद साहू, साल्हेभाट निवासी 35 वर्षीय गोपी साहू पिता प्रताप साहू, साल्हेभाट निवासी 38 वर्षीय जागेश्वर नेताम पिता भस्म राम नेताम, साल्हेभाट निवासी 32 वर्षीय बल्लू राम नेताम पिता सुशील नेताम, चोरिया निवासी 27 वर्षीय धनजंय साहू पिता स्व. मुकुन्द साहू को मौके पर पकड़ा गया। जुआरियों के कब्जे से ताश के 52 पत्ते और नगदी रकम को जप्त किया। जुआरियों के खिलाफ धारा 3 (2) जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### जलने से महिला की मौत पर मर्ग कायम

कांकेर। कांकेर थानांतर्गत माहुरबंदपारा कांकेर निवासी 52 वर्षीय जयंती बाई पिता स्व. झाडूराम शोरी का 13 नवंबर को मौत हो गया। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका आग में झुलस गई थी, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

समस्या : सड़क की दुर्दुशा की सुधार की लगातार गुहार पर विभाग की कुंभकर्णी नींद नहीं टूट रही

# कांकेर-भानुप्रतापपुर मार्ग में हजारों गड्ढे बस यात्रा में सुविधा कम-मुसीबत ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/धनेलीकन्हार

जिले में जिला मुख्यालय से विकासखंड मुख्यालय तक जुड़ने वाली सड़को में सबसे ज्यादा खराब कांकेर से भानुप्रतापपुर की सड़क है। इस सड़क में हजारो गड्ढो के कारण 40 किमी. के सफर को पूरा करने में एक से सवा घंटे लग जाते है। हजारों गड्ढो में सबसे ज्यादा खतरनाक गड्ढा धनेलीकन्हार के सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र के आगे पुल के पास है, जहाँ पर हर दिन हादसा होता रहता है। जिले के विभाग से जुड़े जिम्मेदार अधिकारी प्रतिदिन आते है, परंतु इन गड्ढो के प्रति गंभीर नहीं दिख रहे है।

- गड्ढों के कारण यात्री हो रहे हादसों के शिकार
- जिले के जनप्रतिनिधि सड़क की दुर्दुशा पर मौन साधे हैं

जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से विकासखंड मुख्यालय जोड़ने की कांकेर से भानुप्रतापपुर सड़क सबसे अच्छी मानी जाती थी, परंतु इस सड़क के मरम्मत का काम का स्तर घटिया होने के कारण और लोक निर्माण विभाग के आला अफसरों की लापरवाही के कारण यह सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गई। कांग्रेस के कार्यकाल में केवल सप्लाई का खेल हुआ है और सड़को पर काम बिलकुल नहीं हुआ। भाजपा के कार्यकाल में बनी सड़को को कांग्रेस के कार्यकाल में संजो तक नहीं रख पाएं और उसके चलते आज सड़को का हाल बद से बदतर हो गया है। इस मार्ग से जिले के आला अधिकारियों से लेकर सत्ता व विपक्ष के विधायक व सांसद के अलावा संगठन के नेता भी आना जाना करते हैं। उनके चार पहिया वाहन इस जगह हिचकोलों खाते आगे बढ़ जाती है, लेकिन मजाल है की अब तक संज्ञान लेते। नेताओं को नेतागिरी करने से फुर्सत नहीं है और अधिकारियों को जी हुजूरी करने से फुर्सुत नही है । इन सभी का खमियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। कांकेर जिला का लोक निर्माण विभाग का कार्यपालन अभियंता का पद लगभग एक माह से रिक्त पड़ा हुआ है और कांकेर में अधिकारी स्थानीय हो जाने के कारण मनमानी करते रहते है। कांकेर में एसडीओ अपने आपको नेताओं के साथ पढ़ने का हवाला देते है और कांकेर के लोक निर्माण विभाग की कार्यपालन अभियंता के लिए ▶▶| शेष पेज 08 पर





### सरकार को हो रहे एक साल, नहीं दिख रहा काम

सरकार को बने एक साल हो गए, परंतु मैदानी ईलाके की सड़को के मरम्मत व उन्न्यन को लेकर कोई बड़ा काम होते हुए नजर नहीं आ रहा है। अधिकतकम काम मंत्री के ईलाको में हो रहे है, जिसके चलते कांकेर के साथ दोहरे चरित्र का खेल खेला जा रहा है, यह आमजनता अब कहने लगी है। सरकार ने जिलों में कार्य की स्वीकृति को लेकर गंभीरता नहीं दिखाया तो आमजनता में नाराजगी पनपना तय है।

### रोज होते हैं हादसे, बाइक चालक हो रहे घायल

धनेलीकन्हार के पास आज से करीब एक वर्ष पूर्व जब पुलिया का निर्माण किया गया था, तब पुलिया बनाने वाली एजेंसी ने एप्रोच सड़क का निर्माण घटिया स्तर का करवाया था और यह सड़क एक ही महीने में उखड़ने लगी थी, जिस पर लीपापोती करते हुए गिट्टी व मुरुम डालकर समतल कर दिया गया था और 15 दिनों में इस जगह फिर से गड्ढे बन गये है । सड़क के एक किनारे तो गिट्टी व डामर की टापू बन गया है जंहा रोजना मोटर साइकिल सवार दुर्घटना ग्रस्त हो रहे हैं। धनेलीकन्हार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सटाप की मानें तो अभी दो माह में 25 लोग दुर्घटना के शिकार होकर ईलाज के लिए आ चुके है।

### अधिकारी घूम रहे नेताओं के पीछे

लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन का पद रिक्त पड़ा हुआ है, वहीं एसडीओ कभी भी किसी का फोन नहीं उठाते है, उनका चक्कर सदैव स्थानीय नेताओं के पीछे पीछे घूमने में निकल जाता है। पहले कांग्रेस के एक नेता के बारे में कहते थे कि मेरे साथ पढ़े है और अब अपने सामाज के एक नेता के पीछे पीछे घूमते रहते है, उनके पीछे घूमने का सबसे बड़ा कारण यह है कि कार्यपालन अभियंता का प्रभार मिल जाएं, परंतु उनके एसडीओ के कार्यकाल में जो कार्य हुए है, उसकी गुणवत्ता बहुत ही घटिया रही है।

## शराब पीने के लिए पानी मांगने पर युवकों ने चार दोस्तों से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थानांतर्गत कांकेर के पंडरीपानी मैदान में बैठे चार युवकों का अन्य तीन युवक ने शराब पीने के लिए पानी मांगा। पानी कम है कहने पर आरोपी तीनो युवक एक राय होकर मारपीट करने पर उतारू हो गए व जमकर मारपीट किया। मारपीट के शिकार हुए युवकों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



थाना में शिकायत करने पहुंचे कोड़ेजुंगा निवासी 22 वर्षीय शुभम मरकाम पिता सत्ते राम मरकाम ने पुलिस को बताया कि फायनेंस बैंक कांकेर में काम करता हूं और 12 नवंबर को अपने दोस्त कबीर नेताम, आदित्य जुर्री और धनेंद्र मंडावी के साथ पंडरीपानी पुल के पास मैदान में बैठे थे और रात करीबन साढ़े 10 बजे हमारे पास एक स्कूटी से तीन लोग आए, जिन्हे हम लोग नहीं पहचानते। उन लोगो ने बोला कि हम लोगो को दारू पीना है, पानी चाहिए। मैं बोला कि हम लोग के पास एक बॉटल है, जिसमें पानी कम है, इससे आप लोग काम चला लो। तब तीनो आरोपी एक राय हो तू ज्यादा बात करता है, कहकर गाली देने लगा। जान से मारने की धमकी देते हाथ-मुक्का व पैर से मारपीट करने लगा। एक व्यक्ति अपने हाथ में पहने कड़ा से मेरे सिर में मारा, इसी बीच मेरे अन्य साथी कबीर नेताम, आदित्य जुर्री और धनेंद्र मंडावी बीच बचाव करने आए तो उनके साथ भी मारपीट किया गया ▶▶| शेष पेज 08 पर

## विधायक ने दिलाई 80 से अधिक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता



धनेलीकन्हार। विकासखंड कांकेर के ग्राम पंचायत सुरेली के आश्रित ग्राम कोरेठा में विधायक आशाराम नेताम ने 80 से अधिक कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाया। विधायक के अलावा अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष मोतीराम नाग, मंडल महामंत्री लोकेश्वर सेन, वीकेश हिचामी, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष संजय सिन्हा ने भगवा गमछा पहनाकर एवं तिलक लगाकर भाजपा में आने का स्वागत किया। विधायक ने गोटुल भवन का लोकार्पण करते हुए कहा कि आप लोगों से चुनाव के समय आशीर्वाद मांगने आया था। आप लोगों से मिले आशीर्वाद के फलस्वरूप ही में कांकेर विधानसभा का विधायक बन पाया हूँ। आप अपने सुख-दुख देर रात्रि भी याद करेंगे तो आपका यह बेटा, भाई, दोस्त आपके बीच में मिलेगा। पद प्रतिष्ठा तो कुछ ही दिनों के लिए है, लेकिन आपका यह पुत्र हमेशा आपका ही रहेगा। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर शीतला मंदिर पर टीना शेड के लिए 10 लाख रुपए व देवगुडी पर टीना शेड के लिए 5 लाख रुपए की घोषणा करते हुए कोरेठा से तेलावट के बीच मार्ग बनाने की सहमति प्रदान किया। अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष ने कहा कि जब यह ग्राम भानुप्रतापपुर विधानसभा में आता था, उस समय भाजपा प्रत्याशी ने अपने समर्थन में वोट की अपील करते हुए ग्रामीणों की बैठक लिया था और उस समय मात्र 10 वोट ही मिले थे। ग्रामीणों के भाजपा प्रवेश से इस ग्राम से पार्टी के वोट में बढ़ोत्तरी होगी। इस अवसर पर प्रयेश कोमरा, अभिषेक जुर्री, मंगलेश नूरूटी, मिथलेश कोमरे, गौतम दर्रो, सुखदेव कावड़े, भोजराज ▶▶| शेष पेज 08 पर

## किराना दुकान में चोर का धावा नकदी सहित 60 हजार की चोरी

कांकेर। कांकेर थाना से लगे महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित दुकान से नगद व सामान की चोरी का घटना सामने आया है। चोर को पकड़े जाने का जरा सा भी भय नही। थाना से लगे दुकान में चोरी की घटना को अज्ञात चोर ने रात के समय अंजाम दिया। नगद व सामान समेत कुल 60 हजार रूपए की चोरी कर फरार हो गया।

- चोर की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद, पुलिस चोर की तलाश में जुटी

थाना में शिकायत करने पहुंचे राजापारा कांकेर निवासी 56 वर्षीय राधाकृष्ण मोटवानी पिता स्व. गुरूमुखदास मोटवानी ने पुलिस को बताया कि पुराना बस स्टैण्ड में हमारी दुकान है। दुकान का मैं स्वयं संचालन करता हूं और 13 नवंबर को रोज की तरह रात करीबन 10 बजे अपना दुकान बंद करके दुकान में ताला लगाकर चाबी अपने साथ



ले गया था। अगले दिन 14 नवंबर को सुबह करीबन 9 बजें अपने दुकान में रोज की तरह गया और दुकान को खोलकर देखा तो दुकान के काउंटर के आस-पास का सामान अस्त व्यस्त बिखरा पड़ा था। तब मैं दुकान में चोरी होने के अंदेशा पर दुकान के काउंटर एवं दुकान के अन्य जगहों को देखा तो दुकान के काउंटर में रखे चिल्हर सिक्के करीबन 20 हजार रूपएं, तेलटीना 2 नग कीमत करीबन 4 हजार रूपएं, बनियान, अंडरवियर, टी शर्ट का पैकेट कीमत करीबन 30 हजार रूपएं एवं अन्य सामन कीमत करीबन 10 हजार रूपएं कुल 64 हजार रूपएं को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले ▶▶| शेष पेज 04 पर

## ट्रक की ठोकर से 2 छात्र गंभीर हायर सेंटर किया गया रिफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर गोविंदपुर के पास स्कूटी सवार दो छात्र को ट्रक चालक ने अपनी चपेट में लिया, जिससे दोनो को गंभीर चोटे आई है। प्राथमिक उपचार के लिए घायल दोनो छात्र को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, वहीं चिकित्सकों ने बेहतर ईलाज के लिए घायलो को हायर सेंटर रिफर कर दिया। ट्रक की ठोकर से स्कूटी के सामने का पूरा हिस्सा चकनाचूर हो गया था।

थाना में शिकायत करने पहुंचे डेढ़कोहका निवासी 48 वर्षीय राजकुमार सिन्हा पिता स्व. मनिहार राम सिन्हा हाल गोविंदपुर शीतलानगर निवासी ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में पुलिस विभाग में सहायक उप निरीक्षक के पद पर रक्षित केंद्र कांकेर में पदस्थ हूं। मेरा भांजा भोजराम सिंहा ने 13 नवंबर को सुबह साढ़े 7 बजें फोन करके







बताया कि सिद्धू उर्फ सिद्वार्थ जो भांजा भोज का छोटा बेटा है, उसका गोविंदपुर ढलान के पास ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमटी 5507 के चालक ने ट्रक को तेज एवं लापरवाही पूर्वक कांकेर की ओर से चलाते लाकर एक्सीडेंट कर दिया है, जिससे सिद्वार्थ को ईलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गए है। जानकारी मिलते ही तुरंत जिला अस्पताल पहुंचा तो देखा कि सिद्वार्थ को चोट आया था। भांजा के बेटे से घटना के बारे पूछा तब बताया कि सुबह अपने दोस्त माकड़ी निवासी सौरभ प्रजापति को लेने गया था। अपने दोस्त सौरभ को स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीएस 4433 में बैठाकर सेंट माईकल स्कूल के ग्राउंड आ रहे थे। गोविंदपुर ढलान के पास पहुंचे थे कि कांकेर कि ओर से आ रही आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 04 एमटी 5507 के चालक ने ट्रक को तेज एवं लापरवाही पूर्वक कांकेर की ओर से चलाते लाकर एक्सीडेंट कर दिया है। एक्सीडेंट ▶▶| शेष पेज 08 पर

आज देव दिवाली पर ब्रम्ह मुहूर्त पर स्नान और दीपदान की तैयारी

## गजकेशरी बुधादित्य व शश राजयोग का कार्तिक पूर्णिमा पर रहेगा प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कार्तिक पूर्णिमा पर इस बार शुभ योगों का दुर्लभ संयोग बन रहा है। आज 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा व देव दिवाली मनाई जाएगी। इस दिन कई राजयोग का प्रभाव भी रहेगा। गौर करने वाली बात यह है कि इस दिन सुबह से ही भद्रा लग रही है, परंतु उसका प्रभाव देखने को नहीं मिलेगा।

- पृथ्वी पर भद्रा वास मान्य नहीं और न ही कोई प्रभाव रहेगा

ज्योतिष के अनुसार इस बार कार्तिक पूर्णिमा 15 नवंबर को मंगल कर्क राशि में संचरण कर रहे है। कर्क राशि के स्वामी चंद्रमा है और 15 नवंबर को चंद्रमा मेष राशि में भ्रमण करेंगे। मेष राशि के स्वामी मंगल है, इस तरह




कार्तिक पूर्णिमा पर मंगल और चंद्रमा का राशि परिवर्तन योग बन रहा है। इसके साथ ही इस दिन गजकेसरी योग और बुधादित्य राजयोग भी बन रहे है। इसके अलावा कार्तिक पूर्णिमा पर शश राजयोग भी बनेगा और शनि अपनी राशि में मार्गी हो जाएंगे। कार्तिक पूर्णिमा पर तीन राशियों मेष, कर्क और कुंभ राशि वालों को लाभ मिलना तय है, इस लाभ का फायदा इन राशियों वालों को उठाना चाहिए। हिंदू धर्म में कार्तिक पूर्णिमा का बहुत महत्व है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन भगवान शिव और भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की जाती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, इसी दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नाम के राक्षस का अंत किया था और देवताओं को उसके आतंक से बचाया था। इसलिए हिंदू धर्म में इस दिन को बहुत खास माना जाता है। इसी दिन देव दीपावली मनाई जाती है

### भद्रा का नहीं रहेगा असर

पंचाग के अनुसार इस दिन भद्रा सुबह 6 बजकर 44 मिनट से सायं 4 बजकर 37 मिनट तक रहेगी। 15 नवंबर के दिन चंद्रमा मेष राशि में रात 3 बजकर 17 मिनट बजे तक रहेंगे, फिर वृषभ में प्रवेश करेंगे। मान्यताओं के अनुसार जब चंद्रमाग्र्क राशि, सिंह राशि, कुंभ राशि या मीन राशि में होता है, तब पृथ्वी पर भद्रा का वास माना जाता है। ऐसे में पृथ्वी पर भद्रा का वास मान्य नहीं होगा और न ही कोई प्रभाव रहेगा।

### धान खरीदीकर के अमोड़ा केंद्र का किया शुभारंभ



बनसागर। विकासखण्ड नरहरपुर आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित अमोड़ा उपार्जन केंद्र अमोड़ा में 14 नवंबर को धान खरीदी का उद्‌घाटन किया गया। पहले दिन 173 बोरी धान कुल 69.20 क्विंटल धान खरीदा गया। साथ ही तुमराढाह में 40 क्विंटल, नवडरी में 12.80 क्विंटल व उमराढाह में 40 क्विंटल धान खरीदा गया। उद्‌घाटन के दौरान आसपास के किसान एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थि रहें। यह जानकारी प्रबंधक भूषण पटेल, विकास पटेल, जेजराम जैन, उमेश सलाम ने दिया।


हरिभूमि

पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

# रासेयो शिविर में छात्रों ने विविध कार्यों से दिया ग्रामीणों को रचनात्मक संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत महाविद्यालय के 60 ने स्वच्छता, नशा उन्मुलन, पौधारोपण, योग, स्वास्थ्य जागरूकता जैसे अनेक विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने शिविर की सफलता पर सभी को बधाई दिया और टीम के कठिन पुरुषार्थ की सराहना की। उन्होंने कहा कि एनएसएस स्वयंसेवकों ने ग्रामीण जनता विभिन्न सकारात्मक गतिविधियों को ग्रामवासियों तक पहुंचाया हैं। शिविर के समापन समारोह के मुख्य अतिथि उप पुलिस अधिकारी जीवन नागेश ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी नन्दिनी ध्रुव ने बताया कि सात दिवसीय शिविर में प्रातः जागरण, योग से दिनचर्या की शुरुआत होती थी। महारैली, महास्वच्छता अभियान, ग्राम सर्वेक्षण, सांस्कृति विकास के लिए संध्याकालीन सांस्कृति गतिविधियां दिनचर्या की प्रमुख हिस्सा रही। स्वयंसेवियों द्वारा गांवों के लोगों को जागरूक करने के लिए, विभिन्न रचनात्मक एवं सुधारात्मक गतिविधियाँ चलायी गयी। स्वयंसेवियों ने घर-घर जाकर नशा मुक्ति के संबंध में जानकारी दी तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणाम से अवगत कराया।

### टीम के कार्यों की प्राचार्या ने की तारीफ



### बौद्धिक सत्र में किया सम्मान

उन्होंने बताया कि बौद्धिक सत्र के अंतर्गत व्यक्तित्व विकास, युवा जागृति, बाल संस्कार शाला, नारी जागरण जैसे विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों एवं अनुभवी व्यक्तियों ने स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन किया। अंतिम दिवस पर महाश्रमदान का आयोजन हुआ। स्वयंसेवियों को स्मृति चिह्न और विशेष प्रमाण पत्र आदि भेंटकर सम्मानित किया गया। शिविर के दौरान बस्तर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. डीएल पटेल, जिला संगठक भागीरथी नायक, महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक श्यामानंद डेहरिया, छात्रसंघ प्रभारी रमेश कुमार दर्रो, डॉ. नसीम अहमद मंसूरी, सुषमा चालकी आदि ने भी स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। समापन अवसर पर रामेश्वरी पटेल सरपंच चवेला, जगजीत नागेश ग्राम पटेल, धर्मेंद्र तिवारी उपसरपंच, गणमान्य नागरिक चवेला की उपस्थिति रहे।

## धान खरीदी : किसानों ने साय सरकार पर संतोष जताया और किया प्रचार

# उपार्जन केंद्रों में सुबह से किसानों का तांता, पूजा के बाद धान तौलाई शुरू



हरिभूमि न्यूज ▸▸ चारामा

किसानों को उनकी मेहनत की पाई-पाई का हिसाब देने कृत संकल्पित प्रदेश सरकार 14 नवंबर से 31 सौ रुपएं प्रति क्विंटल की दर से धान खरीद शुरू कर दिया है, जिन किसानों ने 14 नवंबर का टोकन कटाया, वे किसान14 नवंबर की सुबह से ही उपार्जन केंद्रों में ले जाकर धान को बोरियों में भरते, छल्ली मारते और तौल कराते हुए नजर आए।

जिले की नगर पंचायत चारामा स्थित कृषि उपज मंडी में 14 नवंबर को सुबह 9 बजें ही धान बेचने वाले किसानों का तांता लग गया। धान बेचने आए चारामा विकासखण्ड के ग्राम जैसाकर्रा के 58 वर्षीय किसान राजेंद्र साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार 31 सौ रुपएं में किसानों से धान खरीद रही है, यह माटीपुत्रों का सच्चा सम्मान है। इतने सालों की किसानी में पहली बार धान के एक-एक दाने का मोल चुकाने वाली साय सरकार ने सही मायने में किसानों का दर्द पहचाना है। इसी तरह ग्राम दल्लीडीह से आए युवा किसान जगदीश राम साहू ने बताया कि वे पहले ही दिन मंडी में 25 क्विंटल धान बेचने आए हैं और इसके एवज में एकमुश्त पैसा मिलेगा, जिसका उपयोग खेत के सुधार कार्य में लगाएंगे। ग्राम चारभाटा से आई महिला किसान गोदावरी साहू ने कहा कि 31 सौ रुपएं मिलने से उनके बहुत से पारिवारिक जरूरतों के काम पूरे हो जाएंगे। प्रदेश सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदने सहित 31 सौ रुपएं की प्रोत्साहन राशि के मान से धान खरीदे जाने पर किसानों के चेहरे पर खुशी और संतुष्टि के भाव परिलक्षित हो रहे हैं। उपार्जन केंद्रों में धान बेचने आए किसानों ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि साय सरकार ने पहली बार उनके खून पसीने की कमाई का मोल चुकाया है। सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस ऐतिहासिक कार्य के लिए सराहना किया। समिति प्रबंधक ने बताया कि चारामा मंडी में पहले दिन धान बेचने के लिए 31 किसानों को टोकन ऑनलाइन प्राप्त हुआ है।

# खेल से शारीरिक व मानसिक तंदुरुस्ती का होता है विकास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल



बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आस्था राजपूत की अध्यक्षता में संचालक मंडल एवं अनुशासन समिति विभिन्न समितियों के मार्गदर्शन व सहयोग से द्वितीय दिवस सफल आयोजन हुआ। द्वितीय दिवस जूनियर वर्ग के तहत बालिका व्हालीबाल में प्रथम दमकसा अ, सब जूनियर वर्ग बालिक व्हालीबाल में द्वितीय दमकसा ब, खो-खो बालक प्रथम हाटकोंदल, द्वितीय दमकसा, बालिका वर्ग में प्रथम दमकसा, द्वितीय कन्या आवासीय विद्यालय दुर्गुकोंदल, रिलेरेस बालक प्रथम शाउमावि कोंडे, द्वितीय शाउमावि आमाकडा, तृतीय शाउमावि हाटकोंदल, बालिका प्रथम शाउमावि दमकसा, द्वितीय शाउमावि लोहत्तर, तृतीय शाउमावि इरागांव,100 मीटर दौड़ बालक प्रथम डिकेश्वर, द्वितीय दीपक कुमार,तृतीय जतिन ध्रुव, 100 मीटर दौड़ बालिका प्रथम माहेश्वरी, द्वितीय भूमिका, तृतीय अक्षरा कोमरा, 200 मीटर दौड़ बालिज प्रथम सुनीता, द्वितीय विद्या आँचला, तृतीय पवित्रा आँचला, 400 मीटर दौड़ बालक प्रथम डोमेश्वर सहारे, द्वितीय अन्नू राम, तृतीय डिगेश कुमार, बालिका प्रथम रेणुका वड्डे, द्वितीय कविता कोमरा, तृतीय कीर्ति नरेटी, तवा फेंक बालिका प्रथम मुस्कान बढ़ाई, द्वितीय डोमेश्वरी कोवाची, बालक प्रथम दीपक कुमार, द्वितीय खिलेश्वर कोमरे, गोला फेक प्रथम नीलेश्वर, द्वितीय प्रवीण, तृतीय हेमेश्वर, बालिका प्रथम प्रतिमा ध्रुव, द्वितीय मंजुलता कोवाची, तृतीय मुस्कान बढ़ाई, भालाफेक बालक प्रथम मुकेश कुमार, द्वितीय दीपक जैन, बालिका प्रथम डोमेश्वरी, द्वितीय शैलेश्वरी ने स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में सीईओ जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल सुरेंद्र बंजारे, बीईओ एसपी कोसरे, आरके किशोरे, नंदिनी दीवान एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## दो बाइक में भीषण टक्कर, दो बच्चे समेत पति-पत्नी घायल



**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत ग्राम डंवरखार के पास दो बाईक में जबरदस्त भिडंत हो गया। भिडंत में बाईक में सवार पति-पत्नी व दो बच्चो को चोट आई है। घायलो को निजी वाहन की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां ईलाज जारी है। थाना में शिकायत करने पहुंचे नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम नावडबरी निवासी 40 वर्षीय मनोज कुमार सुरोजिया पिता स्व. चैतराम सुरोजिया ने पुलिस को बताया कि राज मिस्त्री का काम करता हूं। मेरा दामाद घसियाराम महावीर ने 13 नवंबर को शाम करीबन 6 बजें फोन करके बताया कि मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएफ 1681 से अपने परिवार को लेकर कांकेर जा रहा था। कांकेर की ओर से आ रही मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बी 8478 के चालक ने अपने मोटर सायकल को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे बांए पैर तथा मनेश्वरी महावीर के पैर व शरीर के अन्य हिस्सो में व मेरे दोनों बच्चों को भी चोटे आई है। जानकारी मिलते ही मैं तुरंत घटना स्थल ग्राम डवंरखार पहुंचा देखा कि मेरे दामाद घसियाराम महावीर उनकी पत्नी मनेश्वरी महावीर व बच्चें सड़क पर गिरे पड़े थे। मोटर सायकल क्षतिग्रस्त हो गया था। दामाद व उनके परिवार को निजी वाहन की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका ईलाज जारी है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## घटिया सड़क पर सांसद ने अफसरों को लगाई फटकार



**भानुप्रतापपुर।** लोकसभा कांकेर के सांसद भोजराज नाग जी ने मुख्यमंत्री कार्यक्रम में सम्मिलित होने बालोद प्रवास के दौरान ग्रामीणों के मांग पर ग्राम कच्चे में रूककर कच्चे से अंतागढ़ सड़क निर्माण के अंतर्गत चल रहे सी सी सडक निर्माण कार्य का अवलोकन किया और पी डब्ल्यू डी के अधिकारियों और निर्माण कार्य एजेंसी के कर्मचारियों को गुणवत्ताहीन काम देखकर फटकार लगाते हुए सही काम करने की हिदायत दी। विदित हो कि कच्चे से अंतागढ़ सड़क निर्माण कार्य में काम गुणवत्ताहीन काम किया जा रहा है और कई बार ग्रामीणों के द्वारा निर्माण एंजेसी की शिकायत की जा चुकी हैं। इस दौरान कच्चे सरपंच गायत्री कावड़े, जनपद सदस्य जीवराखन सलाम, मंडल महामंत्री भानुप्रतापपुर ज्वाला प्रसाद जैन, वरिष्ठ नागरिक रामबाबू जायसवाल, तिजऊराम हिड़को, पूर्व लैंपस अध्यक्ष रिखी मंडावी, नंद किशोर जायसवाल, संतोष भूआर्य, जैसराज चालकी, धीरज जायसवाल और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6 & 7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

## गुरुनानक देव जयंती आज मनाई जाएगी

**चारामा।** श्री गुरुनानक देव का 555 वां जन्मोत्सव चारामा में इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। विगत 7 नवंबर से प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से स्थानीय गुरूद्वारा नानक दरबार से प्रभात फेरी निकाली गई, जो नगर के गुरु प्रेमियों के घरों में अरदास करते हुए नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस गुरुद्वारे में पहुंचती है। इस अवसवर पर बड़ी संख्या में स्थानीय सिंधी एवं सिख समुदाय के लोग शामिल हुए। नगर में श्री गुरुनानक जयंती प्रकाश पर्व आज 15 नवंबर शुक्रवार को मनाई जाएगी। सुबह 9:30 बजे सिंधु यूवा संगठन और सिंधु महिला संगठन के तत्वाधान में संगीतमय मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी फिर 12 बजे से गुरूद्वारा श्री नानक दरबार में भोग साहिब और कीर्तन का कार्यक्रम रखा गया है। दोपहर 1 बजे से आम लंगर भंडारा स्थानीय गुरुद्वारा श्री नानक दरबार में रखा गया है और 5 बजे से नगर कीर्तन जुलुस बड़ी धूमधाम से निकाला जाएगा, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए देर शाम गुरूद्वारे वापस पहुंचेगा, जहां आतिशबाजी और अरदास के साथ कार्यक्रम की समाप्ति होगी।

## पीएम आवास योजना के लाभ से पात्र हैं वंचित, अपात्रों के खातों में राशि ट्रांसफर



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

हाटकोंगेरा के प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राही कलेक्टोरेट पहुंचे और अपनी समस्या से अवगत कराने के लिए कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि अपात्र हितग्राहियों के खाते में राशि का हस्तांतरण हुआ है, जबकि पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि का स्थांतरण नहीं किया गया है। इसकी खबर मिलते ही गाँव में बवाल मच गया और ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिल रही है। ज्ञापन मिलने के उपरांत प्रशासन ने जाँच करवाने की बात कही है। विकासखंड कांकेर के ग्राम पंचायत हाटकोंगेरा के ग्रामीण 14 नवंबर को कलेक्टोरेट पहुँचे और ज्ञापन सौंपने केउपरांत उन्होने बताया कि वर्ष 2023-24 में पात्र हितग्राहयों से संपूर्ण दस्तावेज मांगा गया, लेकिन अभी तक उनके खाते में राशि का हस्तांतरण नहीं किया गया है। ग्राम पंचायत के द्वारा जिन हितग्राहियों को अपात्र घोषित किया गया था, उनके खाते में राशि का हस्तांतरण कर दिया गया है। ऐसा करना पात्र हितग्राहियों के साथ अन्याय है। अपात्र हितग्राहियों को पात्र बनाए जाने से ग्राम पंचायत द्वारा गड़बड़ी किए जाने की आशंका है। शासन द्वारा पूरे मामले की निष्पदक्ष जांच कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए। ग्रामीणों का कहना था कि इस खेल में जिसकी भी संलिप्ता है, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही किया जाना चाहिए। ज्ञापन देने के उपरांत भी कोई हल नहीं निकलता है तो ग्रामीण आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

ज्ञापन सौपने के लिए परदेशी, प्रेमसिंग, ममता, भूमिचंद, राजो बाई, अश्वनी, शंभू, समारू, प्रभूराम, देवेंद्र, दुलारी, ललेश्वरी, लखन, नागेंद्र, गिता देवांगन, नरेश, शिवरी, राम नरेश, गायत्री नाग, ललित, परदेसिन निषाद, साधना, हिंसाराम, भोलादास, तीजूराम जैन, मनबोध, पांचो बाई, मानकी, चेतन, निर्मला नाग, अगेश्वरी नाग, सदाराम, जितेंद्र, शिवकुमार, नीलीमा व अन्य हितग्राही उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप



### बाल दिवस पर आनंद मेले का किया आयोजन

**कांकेर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला अन्नपूर्णापारा में संयुक्त रूप से बाल दिवस के अवसर पर आनंद मेला का आयोजन किया गया। शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष नीलिमा तिवारी, हेम तिवारी एवं गोपीराम रवानी के द्वारा आशीर्वचन देते हुए बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। छात्र समीर बघेल के द्वारा पं. जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला गया। आनंद मेले में बच्चों द्वारा तरह-तरह के व्यंजन बनाए गए। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन प्रधानाध्यापिका मंजू साहू ने दिया। कार्यक्रम में पार्षद राजकिशोर सिंह ठाकुर, प्रधानाध्यापिका अंजू तिवारी, बलराम वट्टी, भोजराज रजक, नेहा सिंह, प्रज्वल सिन्हा, सुभा सिंह, दुर्गेश्वरी शर्मा, मनीष शर्मा, तोरण मिलाप, टिकेन्द्र सिंह ठाकुर, पालकगण एवं मुहल्लेवासी शामिल रहे।

### बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह आज

**दुर्गुकोंदल।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती को भव्य रूप से मनाने के लिए वर्ष 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष घोषित किया गया है। इसी उद्देश्य से भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा पूरे देश में राज्य, जिला एवं जनपद स्तर पर वर्ष भर चलने वाले समारोहों को शुरुआत करने के लिए 15 नवंबर को प्रत्येक पंचायत में एक वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### पूजा-अर्चना करके कांकेर जिले में धान खरीदी का शुभारंभ

**कांकेर।** किसानों को उनकी मेहनत की पाई-पाई का हिसाब देने कृत संकल्पित प्रदेश सरकार 14 नवंबर से 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीद रही है। जिन किसानों ने आज का टोकन कटाया, वे सुबह से ही उपार्जन केंद्रों में ले जाकर धान को बोरियों में भरते, छल्ली मारते और तौल कराते हुए नजर आए। विकासखंड कांकेर के ग्राम मरकाटोला लैम्पस में धान बेचने आए 59 वर्षीय किसान कंसलाल रावटे ने बताया कि उनकी 13 एकड़ की खेती है और आज वे अपना धान बेचने आए हैं। उन्होंने साय सरकार द्वारा 31 सौ रुपए में धान खरीदने के लिए आभार जताया। इसी मंडी में ग्राम बाबूदबेना से धान बेचने आईं प्रभा बाई गंवर ने कहा कि समिति में अच्छी व्यवस्था के साथ आज से धान खरीदी शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि वह 103 क्विंटल धान बेचने आई है और इस राशि को भविष्य के लिए बचत करने की बात कहते हुए मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी प्रकार कांकेर के ग्राम बारदेवरी के बुजुर्ग किसान बृजलाल कवाची ने बताया कि 06 एकड़ खेत का 100 कट्टा धान बेचने आए हैं और 3100 रुपए में धान खरीदने के सरकार के इस अभूतपूर्व कदम के लिए प्रदेश सरकार का आभार प्रकट किया। भानुप्रतापपुर ब्लॉक के कोरर धान उपार्जन केंद्र में ग्राम रानवाही से आए किसान सोनसाय ने बताया कि 06 एकड़ खेत है और आज 95 कट्टा धान बेचने कोरर मंडी में आए हैं। उन्होंने बताया कि उनके बेटे ने ऑनलाइन टोकन ले लिया था और पहले दिन के लिए टोकन मिल गया था।

## पेज 07 के शेष...

### कांकेर-भानुप्रतापपुर मार्ग...

प्रयासरत आशा मंडावी भी इसी जिले की निवासी है। स्थानीय अधिकारी जिला अधिकारी के पद पर पदस्थ हो जाने के बाद बेहतर काम करने के बजाय मनमानी करते है, जैसा अभी तक का अनुभव देखने को मिला है। इसके अलावा इस विभाग के सब इंजीनियर लंबे समय से अंगद के पैर की तरह जमे हुए है, उनके द्वारा कम करने के बजाय नेतागिरी ज्यादा करते रहते है। तत्कालीन कार्यपालन अभियंता ने कांकेर कार्यालय में पदस्थ सभी सब इंजीनियरों के बारे में उच्च अधिकारियों को लिखा था कि यह किसी काम लायक नहीं है। ऐसे में जिले की सड़को का हाल बद से बदतर होना तय है।

### शराब पीने के...

जिससे चोट आई है। युवकों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### विधायक ने दिलाई...

सलाम, सुरेश कावड़े, सुरेश पोटाई, प्रवीण कोमरा, परस राम यादव, राजकुमार हिचामी, अन्नू दर्रो, अकबर जैन, भादू राम मण्डवी, फूल चंद दर्रो, बिना राम दर्रो, राजेंद्र कोमरा, अमृत नूरूटी, लच्छू कोमरा, महेंद्र कोमरा, सितंबर कावड़े, हेमलाल गढ़िया, किरण दर्रा, तिलक नाग, अंकित तिवारी, नीतेश सलाम, अजय पटेल, सानू साहु, बृजलाल मंडावी उपस्थित रहे।

### किराना दुकान में...

गया। दुकान में लगे सीसीटीव्ही कैमरा को चेक किया तो देखा कि दुकान के सामने की ओर से एक अज्ञात व्यक्ति दुकान में घुसकर कर चोरी करना दिखाई दिया, जिसका वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है, वहीं पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### ट्रक की ठोकर...

से सौरभ को भी चोट आया है। उसका भी ईलाज कर चल रहा है। सौरभ के जबड़ा, सिर व शरीर के अन्य हिस्सो में गंभीर चोट लगा था। चोट गंभीर होने के कारण दोनो घायलो को हायर सेंटर रिफर किया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। एक्सीडेंट के उपरांत ट्रक चालक ट्रक को छोड़कर भाग गया था। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है।

Health Town


K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 TRUST
130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH | TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



# गुरूनानक देव जयंती (प्रकाश पर्व) दी लख-लख बधाईयां

**STATUS**
*Women's Fashion Studio*

**Men's**
Jeans, Shirt, T-Shirt,
Casual, Suits, Sherwani

**Women's**
Jeans, Top, Kurtis,
Western, Casual, Croptop,
Saree, Lehanga, Suits



**MAIN ROAD , KANKER Ph.No. - 8109574000, 9691974000**
https://www.facebook.com/status/
https://www.Instagram.com/status_kanker1/

---

गुरूनानक देव जयंती (प्रकाश पर्व) दी लख-लख बधाईयां

*The Cake Shop*
**GURUNANAK Bakery** 100% Pure Veg.
फोटो केक, वेडिंग केक, फान्डेन केक, ड्रायफ्रूट केक, बिना क्रीम वाला मिल्क मेट केक।
नोट : 1 दिन पहले आर्डर देने पर सभी प्रकार के केक बनाये जाते हैं।



विक्की खटवानी
प्रो.- विक्की खटवानी
मो.- 9425262125
8839136360
प्रो.- आलोक खटवानी
मो.- 9406000666
Add-OLD BUS STAND, KANKER (C.G.) 494334

---

ROOP GROUP SINCE 1985
गुरूनानक देव जयंती (प्रकाश पर्व) दी लख्-लख् बधाईयां

**रूप इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स**
सीसीटीवी कैमरा, एलईडी टीवी, होम थिएटर सिस्टम, फैंसी लाइटिंग, मिक्सर, इंडक्शन एवं बिजली समान की संपूर्ण रेंज हर कंपनी में उपलब्ध।



सेन चौक, कांकेर
मो. 8109527100, 9425593040

---

गुरूनानक देव जयंती (प्रकाश पर्व) दी लख-लख बधाईयां

शादी विवाह के कपड़े थोक भाव में प्राप्त करें।

**कन्हैया क्लाथ स्टोर्स**
सम्पूर्ण पारिवारिक परिधान
सूटिंग, शर्टिंग, फैन्सी साड़ियाँ, लाचा, सलवार सूट, सूट पीस, लेडिस वियर, मेन्स वियर एवं हर उम्र के लिये रेडिमेड वस्त्र
गृह साज-सज्जा के लिए हैण्डलूम आयटम एवं गद्दा, तकिया, मेटरेस सोफा कवर



नोटः- सभी प्रकार के टेन्ट सामान थोक भाव में उपलब्ध।
पता- मेन रोड, कांकेर (छ.ग.)
मो.- 8251080108

---

**विशाल फ्रूट कॉर्नर** की ओर



गुरूनानक देव जयंती (प्रकाश पर्व) दी लख-लख बधाईयां

**विशाल फ्रूट एवं जूस कार्नर**



सागर फल भण्डार, नया बस स्टैण्ड कांकेर
मो.- 9425262043

---

1961 से निरंतर आपकी सेवा में आपका अपना माकड़ी ढ़ाबा

**MAKRI HOTEL** SINCE 1961

## माकड़ी ढ़ाबा परिवार की ओर से प्रदेशवासियों एवं कांकेर वासियों को

# प्रकाश पर्व

## की लख्-लख् बधाई...





N.H.30 ON RAIPUR-JAGDALPUR ROAD, KANKER (C.G.)
+91 96441 300013, +91 99811 00013, +91 89640 00013, +91 95930 00013, +91 96300 00013

# विनीत : माकड़ी ढ़ाबा परिवार, कांकेर

## बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए व्याख्याताओं का प्रशिक्षण शुरू



**कांकेर।** जिले में संचालित हमर लक्ष्य कार्यक्रम के तहत कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए समस्त शासकीय हाई एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों में कार्यरत विषयगत व्याख्याताओं की उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर के निर्देशानुसार किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि बोर्ड कक्षाओं के साथ-साथ जेईई एवं नीट की ऑनलाईन कोचिंग की व्यवस्था की गई है। सभी छात्रों को कोचिंग का लाभ भी दिया जाए। इसके अलावा छात्रों के जेईई प्रवेश शुल्क की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जीव विज्ञान, रसायन शास्त्र, कॉमर्स, इतिहास, अर्थशास्त्र, सामाजिक विज्ञान, भूगोल और राजनीति के व्याख्याताओं का प्रशिक्षण हो चुका है। सभी पॉजिटिव एनर्जी के साथ अपने विद्यालय में पहुंचे। ऐसे ही हिन्दी, अंग्रेजी, व्याकरण पाठ्यक्रम, कृषि, फिजिक्स, मैथ्स के प्रशिक्षण के लिए तिथि निर्धारित है। जिला स्तर पर विषयगत व्याख्याताओं का प्रशिक्षण जिला मुख्यालय 18 नवम्बर तक आयोजित होगा, जिसमें बोर्ड कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति, विषयगत पाठ्यक्रम की पूर्णतः 30 नवम्बर तक व छात्रों की नियमित उपस्थिति, आदर्श उत्तर लेखन का अभ्यास, मेरिट हेतु बच्चों की तैयारी की समीक्षा, नियमित टेस्ट, प्रश्न बैंक का निर्माण, माह दिसम्बर 2024 में अर्धवार्षिक एवं जनवरी माह में प्री-बोर्ड परीक्षा आयोजित करने के सम्बंध में कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

## विरोध : आपरेटरों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

# 5 सूत्रीय मांग पर आधार आपरेटरों का 18 से हड़ताल, विभिन्न सेवाएं होंगी बाधित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



जिले के आधार सेवा केंद्र के संचालक पाँच माँगो को लेकर सरकार को कई बार अवगत करा चुके है, परंतु माँगों पर अभी तक ध्यान नहीं दिए जाने के चलते आधार आपरेट संघ ने तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल करने का ऐलान किया है। यह हड़ताल 18 नवंबर से प्रारंभ होगी। तीन दिनो तक जिला में आधार पंजीयन एवं अद्यतन का कार्य बंद रहेगा।

आधार ऑपरेटर 14 नवंबर को सीईओ छग इन्फोटेक प्रमोशन सोसाईटी रायपुर के नाम ज्ञापन सौपने के लिए कलेक्टोरेट पहुंचे। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि विगत 8-9 वर्षो से सतत आधार पंजीयन एवं अद्यतन कार्यो का निष्पादन करते आ रहें है। पूर्व में कई दिनो से लगातार छग राज्य के समस्त आधार ऑपरेटरों के द्वारा सीईओ चिप्स से मुलाकात कर आधार ऑपरेटरो से जुड़े समस्याओं से अवगत कराने का प्रयास किया गया था, लेकिन मुलाकात नही हो पाया। पत्राचार से भी किसी प्रकार की कार्यवाही व सुनवाई नही हुई। क्षेत्रीय विधायक से मुलाकात कर समस्याएं एवं मांगो को प्रमुखता से रखा, लेकिन अश्वासन के आलावा कुछ नही मिला। आधार आपरेटर व सुपरवाईजर यूआईडीएआई एवं शासन के दिए गए गाईड लाईन एवं निर्देशो का पालन कर रहें है। ज्ञापन सौपने के दौरान अध्यक्ष योगेश कुमार सोनबंशी, योगेश कुमार साहू, रिंकू सहारे, हेमेंद्र साहू, उमेश, त्रिवेश सिंहा, धनेश लाटिया, संतोष किरी, थानेश्वर सोनी, चेतना नाग, ऋषिकेश नायक, माखन लाल खडहे, सुरेश सिंहा, राकेश शोरी, कमोद जैन, राजा, मोनिका सेनगुप्ता, सालिक बघेल व अन्य उपस्थित रहें।

### पांच सूत्रीय मांगों में हैं शामिल

राज्य के शासकीय इनरोलमेंट एजेंसी 2084 चिप्स द्वारा इन-हाऊस मॉडल में परिवर्तित करने पर राज्यभर के वर्तमान में संचालित सभी आधार सेवा केंद्रो का आधार किट उपलब्ध कराया जाए, प्रत्येक तीन माह में इनरोलमेंट एजेंसी 2004 चिप्स द्वारा आधार ऑपरेटर को कमीशन का नियमित भुगतान, विभिन्न शिविरों में आधार सेवा के लिए भेजे जाने पर किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर सुरक्षा बीमा एवं मुआवजा का प्रबंध, राज्य स्तर में आधार संबंधी तकनीकी समस्या को दूर करने के लिए टेक सपोर्ट की व्यवस्था, प्रदेश एवं जिला स्तर पर बनाई गई निगरानी समिति में आधार सेवा समिति के दो ऑपरेटर को सम्मिलित किया जाए।

## नरहरपुर भाजपा मंडल कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नरहरपुर




संगठन महापर्व अंतर्गत भाजपा मंडल नरहरपुर में मंडल कार्यशाला सांस्कृतिक भवन में आगामी संगठन चुनाव की दृष्टि से भाजपा के प्रदेश मंत्री व संगठन पर्व के मंडल प्रभारी महेश जैन व सह प्रभारी अनिरुद्ध साहू के आतिथ्य में एवं मंडल अध्यक्ष मुकेश संचेती के अध्यक्षता में कार्यशाला आयोजित किया गया। सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा महापुरुषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित किया वहीं महिला मोर्चा ने वंदे मातरम गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि महेश जैन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। अंत्योदय की मूल मंत्र के साथ राष्ट्रीयता के भाव लेकर चलने वाली पार्टी है। कार्यकर्ताओं के बल पर आज विश्व के सबसे बड़े पार्टी के रूप में स्थापित हुई है। संगठन महापर्व के अंतर्गत आने वाले 25 नवंबर तक सभी शक्ति केंद्र अंतर्गत आने वाले सभी बूथों पर निष्पक्षता के साथ बूथ कमेटी गठन कर जिला नेतृत्व के पास जमा करना होगा। उसके पश्चात सभी वरिष्ठों की सहमति से पूरी पारदर्शिता के साथ मंडल अध्यक्ष का चुनाव होगा। संगठन चुनाव के सह प्रभारी अनिरुद्ध साहू ने कि नरहरपुर मंडल निर्वाचन के लिए शीर्ष नेतृत्व ने हमें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे निष्ठा पूर्वक कार्य करते हुए संगठन को मजबूती के साथ हम सबको मिलकर खड़ा करना है। मंडल अध्यक्ष मुकेश संचेती ने कहा कि आने वाले दिनों में त्रिस्तरी पंचायत चुनाव संपन्न होनी है। इस दृष्टि से भी हमें हमारे सभी बूथों पर कमेटी बनेगी, जिसका पूरा लाभ हमें उक्त चुनाव में मिलेगा। कार्यकर्ताओं को अपील करते हुए इस संगठन महापर्व में लगे सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी पूर्वक पार्टी के लिए काम करने आह्वान किया। कार्यक्रम में मंच संचालन मंडल महामंत्री संतोष भास्कर एवं आभार व्यक्त जिला प्रतिनिधि प्रेमा नागवंशी ने किया। आयोजित बैठक में संजय जूरी, धनेश कौशिक, लक्ष्मी नारायण साहू, पुष्पा मंडावी जयराम मरकाम, प्रदूमन पटेल, लेखराम साहू, हेमंत कौशिक, अघन मरकाम, हेमंत साहू, आशा रावटे, उमा सिन्हा, हेम प्रभा कटबेर, रंगिता उईके, विकास जैन, गोपाल साहू, तरुण निषाद, निरंजन सिन्हा, आशाराम जूरी, बिसनाथ यादव, कोमल नेवला, थानू पटेल, मदन मोहन शर्मा, राजेश नाग, सहदेव टांडीया, सरपंच सुंदर गोटा, आत्मा साहू, आसकरण ध्रुव व शक्ति केंद्र प्रभारी बूथ अध्यक्ष सहित भाजपा मंडल नरहरपुर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज







